हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 29 सितम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]




**खबर संक्षेप**

### प्रेमिका से मिलने पहुंचे युवक के हाथ बांधकर की गई पिटाई

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के चलगली थाना क्षेत्र में एक युवक के हाथ को रस्सी से बांधकर बेदम पिटाई की गई। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के चलगली थाना अंतर्गत अलका गांव में एक युवक अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए पहुंचा हुआ था इस दौरान युवती के परिजन ने युवक को पकड़ लिया। गांव के लोगों ने युवक को पकड़कर उसके हाथ को रस्सी से बांध दिया और फिर उसकी डंडे से बेदम पिटाई की गई। इतना ही नहीं जब लोग युवक को बुरी तरह से मार रहे थे तो युवती भी बीच बचाव के लिए आगे आई लेकिन लोगों ने युवती पर भी डंडे बरसा दिए। इस घटना से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस पूरी घटना का गांव में किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है और वायरल वीडियो पुलिस विभाग तक भी पहुंच गया है लेकिन फिलहाल इस मामले में कोई अपराध दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस का कहना है कि परिजन को शिकायत करने के लिए बुलाया गया है। शिकायत मिलने पर अपराध दर्ज किया जाएगा।

### नहीं किया गया समय पर एडमिट

# प्रसव के दौरान बच्चे की मौत, परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज में प्रसव के दौरान बच्चे की मौत का मामला सामने आया है। प्रसव के बाद बच्चा मृत पैदा हुआ। नवजात की मौत के बाद परिजन ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजन का कहना है कि अस्पताल में आने के बाद साढ़े तीन घंटे तक मरीज को भर्ती नहीं किया गया और प्रसूता तड़पती रही। जब बच्चे का नाल बाहर आ गया तो आनन फानन में भर्ती कर डिलीवरी की गई। वहीं प्रबंधन ने लापरवाही के आरोप से इनकार किया है और मामले की जांच के बाद कार्रवाई की बात कही है।

**खास बात**

- साढ़े तीन घंटे तक अस्पताल में भटकती रहे परिजन

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के ग्राम गुरुआ निवासी फुलसो बाई पति बीरन सिंह को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजन का आरोप है कि सुबह 8.30 बजे अस्पताल आने के बाद भी प्रसूता को अस्पताल में ना ही भर्ती किया गया और ना ही एडमिट पर्ची काटी गई। महिला को लेकर परिजन अस्पताल में भटकते रहे। एक बार तो उन्हें बाहर कर दिया गया। सुबह 11 बजे शिकायत के बाद महिला को भर्ती किया गया और तब तक बच्चे की नाल बाहर आ गई थी। ऐसे में जांच उपरान्त चिकित्सक ने आनन-फानन में महिला का ऑपरेशन किया लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो गई थी। ऑपरेशन के बाद महिला ने मृत बच्चे को जन्म दिया। इस घटना के बाद प्रसूता सदमे में है। वहीं परिजन का कहना है कि यदि समय रहते अस्पताल में महिला को भर्ती किया गया होता तो शायद बच्चे की मौत नहीं होती।



अस्पताल में भर्ती प्रसूता व पति।

### परिजन ने की कार्रवाई की मांग

इस घटना के बाद परिजन सदमे में है वहीं घटना को लेकर आक्रोश का माहौल है। महिला को सूरजपुर जिला अस्पताल से रिफर किया गया था। रिफर केस होने के बाद भी अस्पताल में महिला को समय पर एडमिट नहीं किया गया प्रसूता को लेकर परिजन अस्पताल में भटकते रहे। वहीं बच्चे की मौत के बाद नवजात का शव लेकर भी परिजन अस्पताल में न्याय के लिए भटकते रहे। हालांकि अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि महिला को 11 बजे अस्पताल में भर्ती किया गया और 15 मिनट के बाद उसकी डिलीवरी कराई गई। सोनोग्राफी जांच में भी बच्चा मृत नजर आ रहा था। प्रबंधन ने लापरवाही से इनकार किया है लेकिन परिजन का कहना है कि सुबह आने के बाद साढ़े तीन घंटे तक किसी ने उनकी सुध नहीं ली।

### देर से अस्पताल पहुंची मरीज

महिला को 11 बजे अस्पताल में भर्ती किया गया है और 15 मिनट के बाद जांच व अन्य प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। महिला की हाई रिस्क प्रेगनेंसी थी। मरीज को अस्पताल लाने में भी देरी की गई। सोनोग्राफी में बच्चा मृत नजर आ रहा है। इस मामले में जांच के निर्देश दिए गए है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. आरसी आर्या, अधीक्षक






## खबर संक्षेप

### पुलिस की नो हेलमेट नो पेट्रोल जागरूकता रैली आज



**शंकरगढ़।** यातायात नियमों के पालन और लोगों को जागरूक करने के लिए शंकरगढ़ थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल के नेतृत्व में 29 सितम्बर को दोपहर 3 बजे पुलिस जागरूकता रैली निकाली जाएगी। इस अवसर पर एसडीओपी, एसडीएम, तहसीलदार एवं सभी विभाग के कर्मचारी सहित भाजपा और कांग्रेस पार्टी तथा अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। रैली का मुख्य उद्देश्य नो हेलमेट नो पेट्रोल नियम को सफलतापूर्वक लागू करना है। रैली के बाद हाट-बाजार परिसर में आमसभा का आयोजन होगा। इस सभा में अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि लोगों को संबोधित करेंगे और यातायात सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालेंगे। थाना प्रभारी ने लोगों से कहा है कि अधिक से अधिक संख्या में रैली और सभा में शामिल होकर सड़क सुरक्षा संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करें।

### बेटी दिवस पर जन चेतना कल्याण मंच ने 51 बेटियों का पैर धोकर किया सम्मान



**रामानुजगंज।** अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस के अवसर पर जन चेतना कल्याण मंच ने एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया। मंच के प्रदेश अध्यक्ष विकास दुबे के नेतृत्व में 51 बच्चियों के पैर धोकर उनका सम्मान किया गया और उन्हें उपहार भी भेंट किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना था। विकास दुबे ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह हर व्यक्ति के भीतर एक जज्बा और संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेटियां सिर्फ घर की नहीं, बल्कि समाज और देश की भी शान हैं और उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलना चाहिए। इस भावुक और प्रेरणादायक पहल को स्थानीय लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और सभी ने बेटियों के सम्मान में मंच की इस पहल को सराहनीय बताया।

### रामलीला बनी ग्रामीणों के आकर्षण का केंद्र



**रामचंद्रपुर।** क्षेत्र में आज भी रामलीला ग्रामीणों के आकर्षण का केंद्र बनी है। टीवी एवं मोबाइल के इस युग में लोगों के लिए प्रेरणा की यह पुरानी परंपरा भले ही दम तोड़ चुकी है लेकिन क्षेत्र के चार गांवों में वर्षों से रामलीला संचालित हो रही है। रामलीला में भगवान राम सहित अन्य पात्रों की भूमिका निभाने वाले कलाकार रामलीला में भागीदारी करना अपना गौरव समझते हैं तथा पूरी लगन से अपनी भूमिका निभाते है। सात दशक पूर्व रामलीला की शुरूआत ग्राम पंचायत रामचंद्रपुर से हुई थी। तब क्षेत्र के विभिन्न गांवों के मंझे कलाकार रामलीला के पात्रों की भूमिका निभाते थे। रामचंद्रपुर की रामलीला को प्रसिद्धि मिलने के बाद स्थानीय कलाकारों ने ग्राम कालिकापुर, हरिहरपुर एवं सिलाजू में रामलीला की शुरूआत की जिसका आज भी उसी उत्साह के साथ संचालन किया जा रहा है। ग्राम कालिकापुर में हर दिन रामलीला का शुभारंभ अतिथि फीता काटकर कराते हैं तथा कमेटी को आर्थिक सहयोग भी प्रदान करते हैं। शिक्षक राजदेव प्रसाद यादव एवं अध्यक्ष राजेश्वर प्रजापति के मार्गदर्शन में रामलीला का संचालन किया जा रहा है। शुक्रवार को प्रधानपाठक योगेन्द्र श्रीवास एवं शिक्षक फूलचंद यादव ने फीता काटकर रामलीला की शुरूआत कराई तथा कलाकारों की जमकर सराहना की। व्यास राजदेव प्रसाद यादव ने बताया कि विजयादशमी के अवसर पर 2 अक्टूबर को रामलीला का समापन किया जाएगा।

### एल्विस के बाद अंजली अरोरा का कार्यक्रम भी किया गया रद्द

**अंबिकापुर।** एल्विस यादव के बाद अंजली अरोरा के गरबा कार्यक्रम को आयोजकों ने रद्द कर दिया है। इस बात की पुष्टि आयोजकों की ओर से की गई है। बता दें कि शारदीय नवरात्रि में गरबा डांडिया का आयोजन जगह जगह किया गया है और इन गरबा डांडिया कार्यक्रमों में बालीवुड सेलिब्रिटी, यू ट्यूबर, सोशल मीडिया इन्फ़्लुएन्सर को बुलाया जा रहा है। इन कार्यक्रमों को लेकर आयोजकों द्वारा महीने भर से तैयारियां की जा रही थी और इसके साथ ही हजारों की संख्या में टिकट बुकिंग की गई थी लेकिन 27 सितम्बर को हिन्दू एकता मंच की ओर से डांडिया कार्यक्रम में आ रहे यू-ट्यूबर एल्विस यादव और सोशल मीडिया इन्फ़्लुएन्सर अजंली अरोरा का विरोध किया जा रहा था। शनिवार को निजी होटल में कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे एल्विस यादव को भारी विरोध का सामना करना पडा और हिन्दू संगठन के लोगों ने उन्हें भागने पर मजबूर कर दिया जिसके बाद एल्विस यादव का कार्यक्रम रद्द हो गया था। इसके साथ ही विरोध प्रदर्शन को देखते हुए आयोजन समिति ने अंजली अरोरा के कार्यक्रम को भी रद्द कर दिया है।

## बाढ़ के खतरे से ढाई महीने स्कूल नहीं गए बच्चे

# डाही खोरिका नाला बना बच्चों के स्कूल की राह में बड़ी बाधा, बरसात में पढ़ाई से दूर हुए बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राम पंचायत सुखरी के आश्रित डाही खोरिका पारा एवं परिया बहरा पारा के विशेष संरक्षित पण्डो जनजाति के बच्चों के स्कूल की राह में नाला एवं दलबल में तब्दील कच्ची सड़क बड़ी बाधा बन गई है। पुलिया के अभाव में बरसात के दिनों में बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते। ग्रामीणों ने इस समस्या के निराकरण के लिए प्रशासन से अनेको बार गुहार लगाई लेकिन अब तक नाला पर पुलिया नही बन पाई है।

**खास बात**

- 3.5 किमी की दूरी तय कर बच्चे पहुंचते है स्कूल, दूसरी बस्ती में पगडंडी का सहारा

संभाग मुख्यालय से 22 किमी दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत सुखरी का आश्रित ग्राम डाही झोरिका, पण्डोपारा एवं परिया बहरा पारा में विशेष संरक्षित पण्डो जनजाति की बड़ी आबादी निवासरत है। डाही झोरिका पण्डो पारा से ग्राम सोनपुर खुर्द को जोड़ने ग्राम पंचायत द्वारा पांच वर्ष पूर्व कच्ची सड़क का निर्माण किया गया था जबकि परिया बहरा के ग्रामीणों को अब तक कच्ची सड़क भी नसीब नहीं हो सकी है तथा ग्रामीण पगडंडी के सहारे आवागमन करते है। कच्ची सड़क बनने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा मिल रही थी। पिछले कुछ सालों से ईंट लोड वाहनों के आवागमन से सड़क जर्जर हो गई है। बरसात में सड़क की हालत इतनी बदतर हो गई है वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने पहले तो ईंट भट्ठा संचालकों से सड़क के गड्ढों की मरम्मत कराने की गुहार लगाई लेकिन ईंट भट्ठा संचालकों ने कोई पहल नहीं की। बरसात में लगातार भारी वाहनों के आवागमन से सड़क बेहद खतरनाक हो गई है। जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के दलदल में तब्दील होने एवं भारी वाहनों के आवागमन होने के कारण बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं जिसके कारण बच्चे पूरी बरसात स्कूल नहीं गए। ग्रामीणों ने स्थिति से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया लेकिन स्थिति नहीं सुधरी। थक हारकर ग्रामीणों ने अब कलेक्टर से गुहार लगाई है। इस संबंध में ग्राम पटेलपारा निवासी मशहुर भित्ति चित्रकार पंडित राम ने बताया कि सड़क एवं पुलिया निर्माण की मांग लेकर हाल ही में एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर से मिला था। पुलिया के अभाव में बच्चों की पढ़ाई पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।



नाला पार करते स्कूली बच्चे।

#### नाला पर नहीं बनी पुलिया

ग्राम सोनपुर खुर्द एवं पण्डो बस्ती डाही झोरिया पारा के बीच डाही खोरिका नाला है। कच्ची सड़क नाला से होकर गुजरती है। शासन द्वारा ग्राम सोनपुर खुर्द के पटेलपारा में प्राथमिक शाला संचालित किया जा रहा है जहां से डाही झोरिका पारा की दूरी 3.5 किमी एवं परिया बहरा पारा की दूरी 2 किमी है। दोनों ही गांव के बच्चे पैदल नाला पार कर स्कूल से आना-जाना करते है। समुदाय के बच्चे पैदल सफर कर पटेलपारा स्थित प्राथमिक शाला पहुंचते हैं। डाही झोरिया नाला पर अभी तक पुलिया नहीं बन सकी है। पिछले साल बरसात में ग्रामीणों ने बांस-बल्ली के सहारे अस्थाई पुलिया बनाई थी लेकिन ईंट लोड वाहनों का आवागमन होने के कारण अस्थाई पुलिया गिर गई जिसके बाद ग्रामीण शांत बैठ गए। बरसात में नाला लबालब हो जाता है। ऐसे में आवागमन मुश्किल हो जाता है। सुरक्षा की दृष्टि से बरसात के दौरान ग्रामीण अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजते। बच्चों की कम उपस्थिति पर शिक्षकों ने अभिभावकों से कई बार संपर्क भी किया लेकिन अभिभावकों ने नाले की बाढ़ के खतरे को बताया तो शिक्षक वापस लौट आए। ग्रामीणों ने बताया कि कम खर्च में पाइप पुलिया निर्माण कर समस्या का निराकरण किया जा सकता है लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा ही कोई पहल नहीं की जा रही है न ही प्रशासन कुछ कर रहा है। पण्डो समुदाय के अभिभावक बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने से काफी व्यथित है।

#### हो रही समस्या

सड़क एवं पुलिया के अभाव में दोनो पंडो बस्ती के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा बरसात के दौरान बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते। इस संबंध में प्रशासन को अवगत कराया जाएगा।

-**कुमारी बाई पावले**, सरपंच, सुखरी

## प्रसव के बाद बिगड़ी महिला की तबियत, उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक प्रसूता की मौत का मामला सामने आया है। प्रसूता को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला की मौत के बाद परिजन ने लापरवाही का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि मैनपाट के कुदारीडीह निवासी 30 वर्षीया कुसुम बाई पति सुमित माझी ने 17 सितम्बर को सामान्य प्रसव से घर में ही बच्चे को जन्म दिया था। घर में प्रसव होने के बाद महिला को कमलेश्वरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां तीन दिन रहने के बाद चिकित्सकों ने उसे छुट्टी दे दी थी। 27 सितम्बर को अचानक महिला की तबीयत खराब हो गई जिसके बाद परिजन उसे लेकर अस्पताल में पहुंचे थे। महिला की स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे रविवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रिफर कर दिया था। महिला को दोपहर में परिजन लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस मामले मृतिका के भाई का कहना है कि महिला का यह चौथा बच्चा था। प्रसव के बाद उसे मैनपाट अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन वहां सही तरीके से सफाई नहीं की गई। ऐसे में महिला की तबियत बिगड़ गई हालांकि महिला की मौत के बाद परिजन पीएम कराने को तैयार नहीं थे।

- परिजन ने लगया लापरवाही का आरोप

#### गंभीरावस्था में पहुंची थी पीड़िता

महिला को गंभीर हालत में लाया गया था। अस्पताल में आने पर महिला को मृत घोषित किया गया था। इस मामले की जांच की जाएगी।

डॉ आरसी आर्या, अधीक्षक

## टिपर की चपेट में आने से मजदूर की गई जान

**अम्बिकापुर।** टिपर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन पीछे करते समय मजदूर को कुचल कर फरार हो गया। दुर्घटना में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात टिपर वाहन की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रनपुर कला निवासी बरन सिंह आ. मनसु सिंह (35 वर्ष) शनिवार को शहर में मजदूरी करने आया था। शाम को पैदल घर जाने लगा और जैसे ही बांशीपुर शंकर मंदिर के समीप पहुंचा तभी मंदिर के समीप खड़े दो टिपर के पीछे से आने लगा। इसी बीच एक टिपर चालक वाहन को पीछे करने लगा जिससे टिपर वाहन की चपेट में आने से मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर गांधीनगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया और घटना कारित वाहन व चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## राजस्व न्यायालय में कूटरचित फर्जी दस्तावेज पेश करने पर लटोरी तहसीलदार ने दर्ज कराई एफआईआर

**बिश्रामपुर।** लटोरी तहसील में एक राजस्व फर्जीवाड़ा मामला उजागर होने पर तहसीलदार लटोरी सुरेंद्र पैकरा ने थाना जयनगर पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें उल्लेखित है कि राजस्व प्रकरण में आवेदक रंदिप सिंह पिता सुरजीत सिंह निवासी ग्राम मदनपुर ने राजस्व न्यायालय में कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत कर लाभ लेने का प्रयास किया है।

- जयनगर पुलिस ने मदनपुर निवासी आरोपी के विरुद्ध आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज किया अपराध
- राजस्व मंडल बिलासपुर में चल रहे प्रकरण से जुड़ा है मामला

मामला राजस्व मंडल बिलासपुर में चल रहे प्रकरण (क्रमांक एम/विविध/26/आर/बी-121/95/2023 रंदिप सिंह विरुद्ध छत्तीसगढ़ शासन से जुड़ा हूआ है,इस मामले में 4 अक्टूबर 2023 को आदेश पारित हुआ था,आरोप है कि इसी आदेश के नाम पर फर्जी आदेश व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर राजस्व न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया,ताकि आवेदक को अनुचित लाभ मिल सके,सुरजपुर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवानी जायसवाल ने इस कृत्य को गंभीर मानते हुए पूरे मामले की रिपोर्ट लटोरी तहसीलदार को कार्यवाही के लिए प्रेषित किया है,लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा ने जांच में पाया कि दस्तावेज संदिग्ध और प्रथम दृष्टया कूटरचित है,इसके बाद राजस्व मंडल छत्तीसगढ़ बिलासपुर ने भी पत्र जारी कर दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं,लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र पैकरा ने पूरे प्रकरण की सत्यता की जांच कर रिपोर्ट जयनगर थाने में प्रस्तुत की और रंदिप सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा दी है,उन्होंने कहा कि न्यायालय में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करना न्याय व्यवस्था के साथ खिलवाड़ किया गया है,ऐसे मामलों में कठोर कार्यवाही आवश्यक है ताकि भविष्य में कोई और इस तरह की हरकत करने का साहस न जुटा सके,जयनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4), 336(3), 337, 338, 340 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कैबिनेट मंत्री राजवाड़े ने पण्डाल में की माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना

**करवां।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर करवां क्षेत्र के दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर भक्ती भाव से पूजा अर्चना किया जा रहा है। यज्ञशाला प्रांगण में स्थापित दुर्गा पंडाल इस बार आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन हेतु पंडाल पहुंच रहे हैं। दुर्गा उत्सव आयोजन समिति और स्थानीय लोगों के सहयोग से प्रतिदिन सायं कालीन आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। पंडाल में बच्चों द्वारा देवी स्तुति, जस गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही है। भटगांव विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने माता रानी के चरणों में मत्था टेककर पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना की। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से कहा कि नवरात्र केवल पूजा का पर्व नहीं, बल्कि समाज में शक्ति, साहस और एकता का प्रतीक है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने करवां सरकारी पारा, माझापारा, पड़कीपारा, कसकेला, तीतरखाड़, महेशपुर, लटोरी और कल्याणपुर सहित कई दुर्गा पंडालों का भ्रमण किया और मां दुर्गा की आराधना कर क्षेत्र के विकास और जनकल्याण की मंगलकामना की।



## स्कूल के विवाद में रास्ता रोककर मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

स्कूल में पढने वाले छात्रों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि विशेष समुदाय से आने वाले नाबालिग छात्रों ने रास्ता रोककर मारपीट की। इस घटना के बाद समाज के लोगों में आक्रोश का माहौल है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पहुंचे। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

- लोगों ने जताया आक्रोश, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

बताया जा रहा है कि 26 सितम्बर को स्वामी आत्मानंद स्कूल की छुट्टी होने के बाद सभी छात्र-छात्राएं घर लौट रहे थे। इस दौरान कक्षा 10वीं में पढने वाले कुछ छात्रों ने कक्षा 12वीं में पढने वाले छात्रों का रास्ता रोक लिया और स्कूल के विवाद को लेकर गाली गलौज और मारपीट की। मारपीट में एक छात्र को चोट आई है। इस घटना की शिकायत 27 सितम्बर को थाने में की गई थी लेकिन बाद में दोनों पक्षों ने आपसी सुलह कर लिया था। इस दौरान घटना की जानकारी मिलने के बाद नगरवासियों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित लोग छात्र और उसके परिजन को लेकर थाने पहुंचे और थाणे का घेराव कर दिया। आक्रोशित लोगों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। लोगों के विरोध के बाद पुलिस ने मारपीट करने वाले कक्षा 10वीं के छात्रों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 251(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

#### दूसरे पक्ष ने भी दिया ज्ञापन

मारपीट के मामले में अपराध दर्ज होने के बाद दूसरे पक्ष ने भी थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा है। परिजन का कहना है कि स्कूल से लौटते समय बाइक से कट मारने को लेकर छात्रों के बीच विवाद हुआ था। घटना के बाद सभी थाने में गए थे जहां थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों को समझाकर आपसी सहमती से सुलह नामा लिखवाया और अपने पास रख लिया। इसके बाद एक पक्ष द्वारा थाना का घेराव करने के बाद पुलिस ने उनके बच्चों के खिलाफ एकतरफा अपराध दर्ज कर लिया है। दबाव में दर्ज किए गए अपराध को गलत बताते हुए 10वीं के छात्र के भविष्य को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## शराब बिक्री कर रहे चार आरोपियों के विरुद्ध किया अपराध दर्ज, एक भेजा गया जेल

**अम्बिकापुर।** आबकारी उड़नदस्ता टीम ने 16 लीटर महुआ शराब तथा 25 पाव अंग्रेजी शराब जब्त कर चार आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया। वहीं एक आरोपी को आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

संभागीय आबकारी उड़नदस्ता सरगुजा की टीम जिले के थाना दरिमा एवं थाना लखनपुर क्षेत्र में गस्त कर आबकारी अधिनियम के तहत चार अपराध दर्ज किए है। थाना दरिमा क्षेत्र में खाला निवासी सविता पासवान से 4 लीटर महुआ शराब, संदीप केरकेट्टा से 4 लीटर महुआ शराब, बरगवां निवासी कुंभकरण चौहान के पास से 25 पाव अंग्रेजी शराब तथा थाना लखनपुर अंतर्गत तराजू निवासी मनोरंजन गुप्ता के पास से 8 लीटर महुआ शराब जब्त कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की। मनोरंजन गुप्ता को छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2),40 ए एवं 59 (क) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता, टीआर.केहरी द्वारा की गई। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक कुमारु राम, रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक गणेश पांडे, ओम प्रकाश गुप्ता एवं महिला सैनिक राजकुमारी एवं अंजू एक्का सक्रिय रही।





## खबर संक्षेप



### साधु राम विद्या मंदिर में हुआ भव्य डांडिया नाइट कार्यक्रम

**सूरजपुर।** साधु राम विद्या मंदिर के सभागार में शनिवार की शाम डांडिया नाइट का भव्य और रंगारंग आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और सभी ने सांस्कृतिक संध्या का आनंद उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, श्रीमती एसपी, विद्यालय के निदेशक डॉ. राहुल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, दिन दयाल तिवारी उपस्थित रहे। भव्य आयोजन का संचालन सोमेश थापा और उनकी टीम ने किया। उनकी जीवंत मेज़बानी और जादुई प्रस्तुतियों ने बच्चों व दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम का आरंभ भगवान गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद नन्हें बच्चों और शिक्षकों ने नृत्य, गीत, नाट्य, ऑर्केस्ट्रा और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डांडिया नृत्य रहा। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजे बच्चों और शिक्षकों ने जब डांडिया की थाप पर नृत्य प्रस्तुत किया तो पूरा सभागार उत्साह और उल्लास से सराबोर हो उठा। मुख्य अतिथि एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को निखारते हैं और उनमें आत्मविश्वास भरते हैं। निदेशक डॉ. राहुल अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास का अवसर देता है। एस.एम.सी. समिति के चेयरमैन सुनील अग्रवाल, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय और उप-प्राचार्य दिन दयाल तिवारी ने भी संयुक्त रूप से कार्यक्रम की सराहना की और इसे विद्यालय परिवार की एकता का प्रतीक बताया।

### देवी कथा में बड़ी संख्या में शामिल हुए भक्त



**भैयाथान।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केवरा के सती चौक में शारदीय नवरात्र के अवसर पर चल रहे देवी कथा में बड़ी संख्या में भक्ति शामिल हुए। बीती रात कथा के दौरान प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक एके चतुर्वेदी पहुंचे। दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों और ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान समिति ने श्री चतुर्वेदी को ग्राम गौरव विशिष्ट नागरिक सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कथा स्थल पर भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने देवी कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि ग्राम पंचायत केवरा और आसपास के ग्रामों की प्रगति में उनका सहयोग सदैव रहेगा। ग्रामीणों के सुख-दुख में वे हमेशा साथ खड़े रहेंगे और किसी भी समस्या के समाधान हेतु सीधे उनसे या संस्था के प्राधिकृत अधिकारी विजय यादव से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने ग्रामवासियों के स्नेह और सहयोग के लिए सराहना की। इस दौरान धार्मिक आयोजन समिति के समस्त कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कथा श्रोता सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### सड़क किनारे गंभीर मिले ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** सड़क किनारे गंभीर हालत में मिले ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान नहीं होने से शव को मरच्यूरी कक्ष में रखा गया है। पुलिस के मुताबिक गत दिन सूरजपुर क्षेत्र में सड़क किनारे गंभीर हालत में पड़े 57 वर्ष ग्रामीण को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

#### आरोपियों में 3 नाबालिग भी शामिल

# सरगुजा संभाग में सक्रिय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का हुआ पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

**खास बात**
- सात लाख रुपये कीमत की 5 नग बाइक हुई जब्त, पूर्व में भी बाइक चोरी मामलों में गिरफ्तार हो चुके हैं पकड़े गये आरोपी

सरगुजा संभाग में संगठित तरीके से हो रही मोटर साइकिल चोरी की वारदातों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बिश्रामपुर पुलिस ने एक सक्रिय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है, पुलिस ने इस गिरोह के दो आरोपी युवकों और तीन नाबालिग किशोरों को पकड़कर उनके कब्जे से 5 नग चोरी की बाइक को जब्त किया है। जब्त की गई बाइक की कीमत करीब 7 लाख रुपए बताई गई है।

बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि 25 सितम्बर की रात नगर के गुरुद्वारा समीप डीएमक्यू कॉलोनी निवासी चन्द्रमणी पति स्व.सुजीत सिंह की बाउंड्रीवॉल के अंदर खड़ी पल्सर आरएस 200 क्रमांक सीजी 15 डीवाई 8287 को अज्ञात चोर ने पार कर दिया था,पीड़ित की शिकायत पर बिश्रामपुर थाना में प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पता तलाश शुरू की गई, एसएसपी सूरजपुर प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर एएसपी संतोष महतो और एसडीओपी अभिषेक पैकरा के मार्गदर्शन में पुलिस चोरों की धरपकड़ में जुटी,इस दौरान मुखबिरों को तैनात कर पुराने वाहन चोरी के आरोपियों पर कड़ी नजर रखी गई,तभी सूचना मिली कि पूर्व में बाइक चोरी में गिरफ्तार आरोपी आकाश देवांगन अपने साथियों के साथ सूरजपुर में स्पोर्ट्स बाइक पर घूम रहा है,पुलिस ने दबिश देकर 19 वर्षीय आकाश देवांगन पिता ननकू देवांगन निवासी भैयाथान रोड सूरजपुर, 20 वर्षीय भूपेंद्र सिंह पिता राजेंद्र निवासी नवापारा सुरजपुर तथा तीन नाबालिगों को पकड़कर सख़्ती से पूछताछ की गई,पूछताछ में आरोपियों ने बिश्रामपुर नगर के अलावा अंबिकापुर, लखनपुर, ओड़गी, भैयाथान समेत कई इलाकों में भी मोटर साइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की है, उनकी निशानदेही पर पुलिस ने मोटरसाइकिल पल्सर आरएस 200-1 नग,पल्सर एनएस 160-3 नग और हीरो स्प्लेंडर बाइक 1 नग समेत 5 बाइक बरामद की है, पुलिस ने बताया कि यह गिरोह संगठित होकर मोटर साइकिल चोरी करने का कार्य करता था और फिर उन्हें कम दामों में बेच देता था,गिरोह के खिलाफ चोरी के साथ-साथ संगठित अपराध और अवैध बिक्री की धाराओं के तहत पूर्व में भी कई कार्रवाई की जा चुकी है।पुलिस ने गिरफ्तार युवकों को सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया है, जबकि नाबालिग आरोपियों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष भेजा है,ज्ञात हो कि आरोपीयों के विरुद्ध पूर्व में भी सूरजपुर, झिलमिली, पटना, बैकुंठपुर, मणीपुर, गांधीनगर और दरिमा थाना क्षेत्रों में बाइक चोरी के मामलों में चालानी कार्यवाही हो चुकी है। उक्त कार्रवाई में बिश्रामपुर थाना प्रभारी टीआई प्रकाश राठौर, एएसआई विशाल मिश्रा, अविनाश सिंह,गुड्डू कुशवाहा, प्रधान आरक्षक जय प्रकाश तिवारी, निर्मल सिंह, आरक्षक अखिलेश पांडेय, रामकुमार नायक, अविनाश कुजूर, अभय और महिला आरक्षक अक्षरा मंडल सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त बाइक।

### कोयला चोरों को भी चुराई गई बाइक सस्ते दाम पर बेचने का काम करते रहे आरोपी

पकड़े गए आरोपी युवकों ने पुलिसिया पूछताछ में बताया कि वे एसईसीएल के रेहर, गायत्री, आमगांव खदानों से कोयला चोरी करने वाले स्थानीय ग्रामीणों को भी चोरी की बाइक को सस्ते दाम में उपलब्ध कराते रहे हैं,बता दें कि खदानों से कोयला चोरी का कार्य कई माह तक निरंतर संचालित होता है,ईंट भट्ठा के सीजन में यह कार्य बड़े पैमाने व तीव्र गति से होता है,नगर के आसपास ग्रामीण क्षेत्र के दर्जनों युवक मध्य रात्रि और सुबह तड़के बाइकों से कोयला लादकर ईंट भट्ठे अथवा होटलों, कारखानों तक सप्लाई कर पहुंचाते हैं,कोयला ढोने के काम के लिए चोरी की बाइक सस्ते दर पर बीस से तीस हजार में उपलब्ध हो जाती है जिस पर पकड़ाए जाने पर कार्यवाही का खतरा भी कम रहता है,कई बार कोयला चोर में लिप्त युवक कार्यवाही होने की भनक लगते ही बाइक को लावारिस हालत ने छोड़कर मौके से भाग निकलते हैं।

## नशे में धुत्त बाइक सवार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- बाइक सवार दंपति, बच्चे समेत 4 लोग हुए घायल



एन एच 43 पर ग्राम केशवनगर में नशे में धुत्त बाइक सवार ने बुजुर्ग को लापरवाही वाहन चलाते हुए को जोरदार टक्कर मार दी है,उक्त दुर्घटना में बुजुर्ग समेत बाइक सवार दंपत्ति व मासूम बच्चे को चोटें आई हैं, गौरतलब है कि ग्राम करमपुर निवासी दीपक एक्का पिता स्व.पीतर एक्का रविवार को सोल्ड बजाज पल्सर मोटरसाइकिल में अपनी पत्नी व मासूम बच्चे के साथ सुरजपुर की ओर से बिश्रामपुर की तरफ आ रहा था,इस दौरान एनएच 43 पर ग्राम केशवनगर में अटल चौक के समीप तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए 70 वर्षीय मोहम्मद जिहार को जबरदस्त टक्कर मार दिया, दुर्घटना में बुजुर्ग मोहम्मद जिहार के बाएं पैर व शरीर के अन्य हिस्से में एवं बाइक सवार दीपक एक्का समेत पत्नी व बच्चे को भी चोटें आई हैं,सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को संजीवनी 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर भिजवाया है,जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल टीम ने घायल वृद्ध को सुरजपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है,प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा करने वाला युवक नशे में धुत्त था और वाहन पर अपना नियंत्रण खो चूका था।

### कोरिमा जंगल में जुआ खेलते चार गिरफ्तार, 61 हजार बरामद

**अंबिकापुर।** जंगल में बैठकर जुआ खेल रहे चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के पास से 61 हजार रुपए नगद बरामद किया है। बताया जा रहा है कि एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जुआ, सट्टा के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में 24 सितम्बर की रात कोतवाली पुलिस को पेट्रोलिंग पर निकली थी। इस दौरान सीएसपी राहुल बंसल को मुखबिर के जरिए सूचना मिली की कोरिमा जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस व साइबर सेल की टीम ने घेराबंदी कर बौरीपारा निवासी 38 वर्षीय रवि जायसवाल आ. स्व. राजेन्द्र जायसवाल, 44 वर्षीय लालजी प्रसाद जायसवाल आ. स्व. जागो साय, केरता खड़गांव निवासी 32 वर्षीय विक्की लकडा आ. शिव बहाल व खैरबार निवासी 31 वर्षीय दीपक मिंज आ. फ़तेह राम अशोक को हिरासत में लेकर उनके पास से 61 हजार रुपए नगद, 52 ताश पत्ता, 2 नग टोर्च, 1 चटाई जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की है।

# भगत सिंह ने पाखंड, कुरीतियों से दूर रहकर वैज्ञानिक शिक्षा अपनाने पर दिया था बल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- जिला कांग्रेस कमेटी ने जयंती पर दी श्रद्धांजलि

शहीदे आजम भगतसिंह की 118 वीं जयंती पर 28 सितम्बर को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर चर्चा की गई। इस दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा भगत सिंह का पूरा परिवार देश की स्वतंत्रता के लिए चल रहे आंदोलन से जुड़ा हुआ था। जिस दिन सरदार भगत सिंह का जन्म हुआ था उसी दिन आंदोलन के कारण जेल में बंद उनके पिता सरदार किशन सिंह और सरदार अजीत सिंह की रिहाई हुई थी। मात्र 13 वर्ष की आयु में भगतसिंह क्रांतिकारी आंदोलन से जुड़ गए थे और 23 वर्ष की अल्पायु में फांसी के फंदे को चूमते हुए शहीद हो गये।

उन्होंने कहा कि आज की परिस्थितियों में नौजवान पीढ़ी को भगत सिंह को अवश्य पढ़ना चाहिए। भगत सिंह ने नौजवानों को बढ़ते पाखंडवाद, अंधविश्वास और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहते हुए वैज्ञानिक शिक्षा अपनाने की सलाह दी थी। आज कमोबेश ऐसी परिस्थितियों को देश मे थोपा जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि भगत सिंह जो कि क्रांति के प्रतीक हैं ने ब्रिटिश शासन को भगाने के लिये एक क्रांति की थी, आज फिर एक क्रांति की आवश्यकता है। ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा कि शहीदे आजम भगत सिंह के विचार समाज मे आर्थिक और सामाजिक बराबरी की स्थापना के रहे हैं। मौजूदा सरकार एक प्रतीक के रूप में उनको अपनाने का दिखावा तो करती है लेकिन उनके विचारों के उलट काम कर रही है। आज देश मे 80 करोड़ लोग सरकारी राशन के भरोसे जीवन व्यतीत कर रहे हैं वहीं यह सरकार देश के सभी संसाधनों को अपने मित्र पूंजीपतियों को सौंपती जा रही है। हमारी धार्मिक आस्था का केंद्र रामगढ पर्वत और हसदेव के जंगल इसके प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा ने उन्हें क्रांति का देवता बतलाते हुए कहा कि राष्ट्र के प्रति जो जज्बा भगत सिंह में थी, बेहद कम उम्र में समाज को लेकर उनके जो क्रांतिकारी विचार थे वो उनके व्यक्तित्व को दैवीय रूप प्रदान करते हैं। सभा का संचालन सेवादल के जिलाध्यक्ष लोकेश पासवान व आभार प्रदर्शन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हेमंत सिन्हा ने किया। इस दौरान मो इस्लाम, रामविनय सिंह, इंद्रजीत सिंह धंजल, दुर्गेश गुप्ता, अनिल सिंह, अतुल तिवारी, श्रीमती जेनेबिब कुजूर, लुकस एक्का, अनूप मेहता, जमील खान, नरेंद्र विश्वकर्मा, रजनीश सिंह, निक्की खान, सोहन जायसवाल, जीवन यादव, प्रमोद चौधरी आदि मौजूद थे।



### गिरने से गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** नशे की हालत में घर के समीप गिरने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। चलगली निवासी हरि आ. स्व. चैता (50 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 26 सितंबर की शाम नशे की हालत में घर आ रहा था। इसी दौरान घर के समीप गिर गया जिससे घायल हो गया। परिजन घायल को प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान शनिवार की शाम मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• सिर दर्द एवं माइग्रेन
• लकवा (पैरालाइसिस)
• चक्कर बेहोशी
• हाथ, पैर कमर में असहनीय दर्द
• मिर्गी, फिट
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक न्यूरोपैथी
• हाथ, पैर में कंपन्न, झुनझुनी
गायत्री हॉस्पिटल MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) | 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
रायपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरोसर्जन डॉ. सिद्धार्थ साहू MBBS, MS GENERAL SURGERY (DNB NEUROSURGERY)
दिनांक - 21 सितम्बर 2025, रविवार
समय : सुबह 10 बजे से 3 बजे तक

लिवर स्लिम विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर मो. 9826461355

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ.रौनक कलवानी M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 21 सितम्बर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 20 सितम्बर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 सितम्बर 2025 दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

### स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत की दुर्गा के नौ रूपों की झांकी



**अम्बिकापुर।** नवरात्र के अवसर पर ब्राइट स्टार्स स्कूल में विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। रूप सज्जा प्रतियोगिता में कक्षा पहली के आर्येश मिश्रा ने भगवान राम, नर्सरी के वासुदेव गुज्जर ने लक्ष्मण, कुमारी पृथा सिंह ने माता सीता और वेदांत मंडल ने हनुमान का रूप धारण कर सबको सम्मोहित किया। इस दौरान बच्चों ने माता दुर्गा के नौ रूपों का प्रदर्शन भी किया। रास गरबा में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।



### सर्वेश्वरी समूह द्वारा अष्टभुजी देवी को चढ़ाई गई 121 मीटर लंबी चुनरी

**बिहारपुर।** नवरात्रि की सप्तमी तिथि पर श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा मकरी कुटिया के तत्वाधान में ग्राम महुली स्थित अष्टभुजी गढ़वतिया देवी धाम में चुनरी रैली निकाली गई तथा धार्मिक अनुष्ठान किए गए। समूह के बिहारीराम बाबा के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं ने देवी धाम में रैली निकाली तथा 121 मीटर लंबी चुनरी अष्टभुजी देवी को अर्पित की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने धाम में दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना कर वस्त्र अर्पित करने के उपरांत भव्य आरती की। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं को केला व बूंदी का प्रसाद दिया गया। श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा धाम में श्रद्धालुओं के लिए पूरी नवरात्रि की व्यवस्था की गई है। इस दौरान बिहारीलाल जायसवाल, लक्ष्मण जायसवाल, राजेश कुमार जायसवाल, विवेक जायसवाल, विजेंद्र जायसवाल, अनूप जायसवाल, सत्येंद्र यादव, बालक जायसवाल, ठाकुर यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ.आशीश जायसवाल जनरल फिजिशियन
डॉ.हेमन्त कुमार बी शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ.सोनल गार्डिया जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ.भावना गार्डिया स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले नाक कान गला रोग विशेषज्ञ
डॉ.नताशा शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.रोशन आरा एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विशेषज्ञ
डॉ.हिमांशु गुप्ता कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ.कमल नारायण गुप्ता श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य जनरल फिजिशियन
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### सैनिक स्कूल में हुई अंतर्सदन खो-खो में अरिहंत का परचम

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल में पहली बार तीन दिवसीय अंतर्सदन खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। सब जूनियर, जूनियर एवं बालिका वर्ग में विभाजित प्रतियोगिता में 12 नॉकआउट मैच खेले गए जिसमें जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग में अरिहंत-विजयंत एवं बालिका वर्ग में विजयंत – पिनाका फाइनल में पहुंचे। फाइनल मुकाबले में सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग में अरिहंत सदन और बालिका वर्ग में विजयंत सदन ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता के समापन उपरांत उप प्राचार्य तथा प्रशासनिक अधिकारी ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उप प्राचार्य ने विजेता कैडेटों एवं अरिहंत सदन के पालक प्रकाश तिवारी, विजयंत सदन के पालक अमरेश मणि त्रिपाठी तथा बालिका वर्ग के लिए मधु गुप्ता को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता के संचालन तथा निर्णायक का दायित्व सीएचएम निर्मल टोप्पो, हवलदार, रिशपॉल सिंह तथा खेल प्रशिक्षक सुश्री चित्रलेखा साहू ने निभाया।

### 2 वर्षों से मां महामाया की सेवा में लीन है दिव्यांग भोला



**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित मां महामाया मंदिर में विगत 22 वर्षों से निशुल्क सेवा दिव्यांग भोला सिंह (60 वर्ष) दे रहे हैं। चैत्र नवरात्र एवं शारदीय नवरात्र में 9 दिन चाय पर रहते हैं( इस दौरान भी उनके सेवा कार्य में कमी नहीं रहती है जबकि चैत्र नवरात्र एवं शारदीय नवरात्र में कार्य काफी बढ़ जाता है। भक्ति भावना ऐसी है कि सिर्फ चाय पी के सुबह 3 बजे उठ जाते हैं एवं रात्रि में 12 सोते हैं एवं पूरे समय में मंदिर की सेवा में लगे रहते हैं। विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम चिनिया निवासी भोला सिंह विगत 22 वर्षों से प्रतिदिन ठंड, गर्मी, बरसात रामानुजगंज मां महामाया मंदिर में सेवा करने हैं। रामानुजगंज से चिनिया की दूरी 15 किलोमीटर है यदि कोई दो पहिया या चार पहिया वाहन उन्हें मिल जाए तो ठीक पर नहीं तो बिना चप्पलों के पैदल ही मंदिर आते हैं। भोला सिंह बताते हैं की मां महामाया का आशीर्वाद है कि 22 वर्षों से महामाया माई का सेवा कर रहा हूं एवं पूर्णता स्वस्थ हूं। मां महामाया के आशीर्वाद से मुझे कभी कोई कमी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इन 22 वर्षों के दौरान कई मुसीबतें आई लेकिन मां के आशीर्वाद से सब टल गया। अनुसूचित जनजाति के दिव्यांग भोला सिंह की मां महामाया के अनन्य भक्त हैं। बचपन से ही पूजा पाठ में रहे हैं परंतु विगत 22 वर्षों से वह लगातार मां की सेवा में अपना पूरा समय व्यतीत कर रहे हैं। मां महामाया मंदिर के पुजारी जितेंद्र पांडे ने बताया भोला सिंह प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर मंदिर पहुंच जाते हैं एवं प्रतिदिन उनके द्वारा सेवा कार्य किया जाता है।

### छात्राओं ने स्वच्छता को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

**अम्बिकापुर।** कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य बीएल साहू के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पूजांजली भगत के नेतृत्व में महाविद्यालय के छात्राओं ने शहर के हृदय स्थल अग्रसेन चौक एवं पुराना बस स्टैंड के चौपाटी में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता का प्रचार और प्रसार किया गया। छात्राओं ने आकर्षक मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता के प्रति स्थानीय दुकानदारों व नागरिकों को जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई एवं गंदगी से उत्पन्न होने वाले बीमारियों के बारे में लोगों को अवगत कराया। उपस्थित लोगों ने उत्साह पूर्वक नुक्कड़ नाटक द्वारा प्रदान किए जा रहे संदेशों को अन्य लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कॉलेज के स्वयंसेविकाओं साक्षी गुप्ता, उपासना गोयन, सादिया परवीन ,श्वेता शुक्ला व अन्य द्वारा प्रभावोत्पादक नुक्कड़ नाटक का मंचन कर उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक रोहित सेठ, सुप्रिया सिंघल, दिव्यादित्य सिन्हा सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## निधन

### प्रथम गोयल

**सूरजपुर।** नगर के शांति गली निवासी प्रथम गोयल का 24 वर्ष की आयु में शनिवार की सुबह



हृदयाघात से निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अनिल गोयल के पुत्र थे। बताया जा रहा है कि शनिवार की सुबह वे जिम जाने के लिए उठे थे, इसी दौरान अचानक हृदयाघात आने से उनका निधन हो गया। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

## पूजा अर्चना करने ठाकुर देव धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# डांड़गोइहा ठाकुर देव धाम में धूमधाम से मना जिले का पहला दशहरा



मेला में पूजा-अर्चना करने कतार में लगे श्रद्धालु।



पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

डांड़गोइहा ठाकुर धाम में धूमधाम से पूजा अर्चना साथ दशहरा पूजा किया गया। ब्लाक, जिले एवं अन्य प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं पूर्जा अर्चना करने पहुंचे। वहीं कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल के परिजन द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि, खुशहाली की कामना की।दूर दराज से आए महिला, पुरुष एक साथ मादर के थाप पर पूरी रात नाचते रहे वहीं तड़के 4 बजे से धाम के बैगा की टीम द्वारा पूजा अर्चना शुरू किया गया।

**खास बात**

- पूरी रात मादर के थाप पर झूमते रहे ग्रामीण

जिले के उदयपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत डांड़गांव में प्रसिद्ध देव स्थल डांड़गोइहा ठाकुर देव धाम हैं। जहां राजतंत्र के जमाने से ही इस देव धाम में जिले में सबसे पहले दशहरा पूजा की शुरुआत होती है। हर वर्ष कुंवार मास के पंचमी के दिन यहां रात्री में कर्मा नृत्य, नाच गाने के साथ ठाकुर देव को प्रसन्न किया जाता है। सुबह भव्य मेले के साथ भोर से ही ठाकुर देव धाम में बड़ी संख्या में ब्लाक जिले सहित प्रदेश के लोग आते हैं दूर दराज से हर दिन ठाकुर देव धाम में अपनी मन्नत मांगने आते हैं। डांड़गोईहा ठाकुर देव धाम में कर्मा, मेला, दशहरा का भव्य आयोजन ठाकुर देव स्थल पर 27 की रात शुरू होकर 28 सितंबर को किया गया था। दिनभर जिले सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों के संख्या में डांड़गोइहा ठाकुर देव धाम में पूजा अर्चना एंव मन्नत मांगने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। इस पूजा एवं परंपरा की शुरुआत राज तंत्र के जमाने से शुरू हुई थी जो आज भी चली आ रही है। कुंवार मास के पंचमी के दिन यहां कर्मा, दशहरे के साथ पूजा अर्चना की जाती है। वैसे तो हर रोज लोग पूजा एवं मन्नत मांगने पूजा अर्चना के लिए आते हैं। लेकिन साल में इस तिथि को विशेष रूप से पूजा अर्चना की जाती है। इस वर्ष भी जिले सहित प्रदेश के अन्य जगहों से भारी संख्या में लगभग 20 से 25 हजार लोग आए हुए थे। जहां ठाकुर देव स्थल के पूरी रात मादर, झांझ के ताल पर बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, बच्चे बूढे कर्मा नाचते गाते रहे। जो मनोरम दृश्य देखने लायक होता है ऐसा इस लिए किया जाता है कि नाज गान के बाद ठाकुर देव प्रसन्न होते हैं और जो कोई भी श्रद्धा से मन्नत मांगते हैं तो उनकी मन्नत पूरी होती है। कई बार नेता, मंत्री के अलावा पुलिस प्रशासन भी इस क्षेत्र के बड़े अपराध के सफलता के लिए माथा टेकने आते हैं। इस बार भी दशहरे मेले में सैकड़ों के संख्या में दुकानदार मेले में दुकान लगाने आए थे। किसी प्रकार की कानून व्यवस्था न बिगड़े इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी रात दल बल के साथ मौके पर डटे रहे।

**पूरा गांव जगमगाया**

जैसे ही ठाकुर देव धाम में पूजा का समय आता है उससे पहले ही डांड़गांव के लोग अपने घरों में साफ सफाई कर पूरे गांव में जगमगा देते हैं। बड़े ही धूमधाम से ठाकुर देव धाम को ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाता है। जहां सैकड़ो की संख्या में लोग शाम को ही पहुंचना शुरू कर देते हैं। ठाकुर देव धाम में शिवा राम बैगा एवं उनके टीम द्वारा पूजा अर्चना करवाया जाता है।

**चढ़ाई गई बकरों की बलि**

सदियों परम्परा के अनुसार जब लोग अपनी परेशानी लेकर मन्नत मांगने आते हैं और मंनन्त पूरा हो जाता है तो बलि प्रथा के तहत ठाकुर देव के विशेष पूजा के रूप में बलि चढ़ाया जाता है। आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने मन्नत पूरी होने पर दर्जनों बकरों की बलि बैगा द्वारा चढ़ाया गया।

**कैबिनेट मंत्री के परिजन ने की विशेष पूजा अर्चना**

स्थानीय विधायक एवं पर्यटन संस्कृति के राजेश अग्रवाल के पुत्र राहुल अग्रवाल, भाई राकेश अग्रवाल सहित भाजपा मंडल उदयपुर के पदाधिकारी कार्यकर्ता ठाकुर देव धाम में मत्था टेक कर विशेष पूजा अर्चना की । साथ ही प्रदेश वासियों के सुख समृद्धि, खुशहाली की कामना की।



## योजनाओं को घर-घर पहुंचाना प्राथमिकता : राजवाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 126 वें संस्करण का प्रसारण आज पूरे प्रदेश में उत्साहपूर्वक सुना गया। महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने इसे बीरपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में जनप्रतिनिधियों और आमजन के साथ सुना।

- कहा-मन की बात से मिली नई ऊर्जा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि देश में त्योहारों का शुभ दौर शुरू हो गया है। नवरात्रि, दशहरा, दीपावली और छठ पूजा जैसे पर्व पूरे देश में उल्लास और श्रद्धा से मनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस विजयदशमी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है और संघ के स्वयंसेवक हर संकट की घड़ी में सेवा भाव से कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने असम के लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने गांधी जयंती पर खादी खरीदने और 7 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती पर उनके योगदान को स्मरण करने की बात कही। मन की बात कार्यक्रम के पश्चात मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमें संस्कृति, परंपरा और राष्ट्र सेवा के महत्व से अवगत कराया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सभी को सीधे प्रधानमंत्री से जोड़ता है और नई प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाना तथा लोगों को लाभान्वित करना हमारी प्राथमिकता है।

### कैबिनेट मंत्री निवास में किया गया मन की बात का श्रवण

**लखनपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रसारित मन की बात कार्यक्रम के 126 वें संस्करण का सीधा प्रसारण रविवार को पूरे देश के साथ-साथ लखनपुर मंडल में भी उत्साह और गरिमा के साथ सुना गया। मंत्री निवास में इस कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी के नेतृत्व में किया गया, जिसमें भारतीय जनता



पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायी विचारों से लाभान्वित हुए। मंडल लखनपुर के सभी 50 पोलिंग बूथों में भी मन की बात का श्रवण किया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू, मंत्री प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, यतेन्द्र पाण्डेय, सुरेश साहू, सुरेश जायसवाल, सतनारायण साहू, सुरेन्द्र साहू, शिवराज सिंह, निशांत गुप्ता, अमित बारी, राजेन्द्र गुप्ता, अवधेश यादव, सचिन बारी, महमूद अली, तुलसी रजवाड़े, नरेंद्र सिंह, कृष्णा राजवाड़े सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### इंद्रावतीपुर में मंत्री नेताम ने सुना प्रधानमंत्री मोदी का मन की बात

**रामानुजगंज।** ग्राम इंद्रावतीपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रेरणादायक संबोधन उत्साहपूर्वक सुना गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर मंत्री रामविचार नेताम, रामचंद्रपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष मुद्रिका सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता धरमजीत सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामवासी उपस्थित रहे।



सभी ने मन की बात को बड़े ध्यानपूर्वक सुना और प्रधानमंत्री के विचारों से प्रेरणा ली। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में राष्ट्रभक्ति, सेवा भाव और नागरिक कर्तव्यों पर जोर दिया। साथ ही केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन-कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी, जिससे ग्राम वासियों को सरकारी योजनाओं के लाभ और महत्व का बोध हुआ। कार्यक्रम ने ग्रामीणों के बीच नवीन आशा और विश्वास का संचार किया तथा यह संदेश दिया कि सरकार हर नागरिक के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।



## कृषि मंत्री नेताम ने बीमार फुल कुंवरी देवी से की मुलाकात, हुए भावुक

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम अपने गृह ग्राम सनावल प्रवास के दौरान उस समय भावुक हो गए जब उन्हें जानकारी मिली कि गांव की 90 वर्षीय बुजुर्ग फुलकुवरी देवी बीमार हैं। बिना किसी विलंब के मंत्री श्री नेताम धर्मपत्नी पुष्पा नेताम के साथ तुरंत उन्हें देखने पहुंच गए। फुल कुंवरी देवी को देखकर मंत्री नेताम इतने भावुक हो गए कि उन्होंने स्वयं अपने हाथों से उन्हें दूध पिलाया और पुरानी स्मृतियों में खो गए। उन्होंने कहा कि अपनी मां के बाद यदि मैं किसी को मां का दर्जा देता हूं, तो वह फुल कुंवरी देवी ही हैं। मेरा पूरा बचपन इनके आंचल की छांव में बीता है। आज भी वे दिन याद आते हैं तो मन भर आता है। मंत्री नेताम ने बताया कि जब उन्हें गांव में उनके स्वास्थ्य के बारे में पता चला, तो वह खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने कहा यह परिवार हमेशा मेरे सुख-दुख का साथी रहा है। जो आशीर्वाद, स्नेह और आत्मीयता मुझे यहां से मिली है, उसका ऋण जीवनभर नहीं चुका सकता। मुलाकात के दौरान उन्होंने फुल कुंवरि देवी का हालचाल जाना और उन्हें भावनात्मक संबल भी दिया।

## मधुमक्खी पालन के लिए किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर




राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के तहत किसानों को मधुमक्खी पालन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल एवं निदेशक डॉ एस एस टुटेजा के निर्देश पर कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता राजमोहनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र अजिरमा डॉ नीलम चौकसे ने मधुमक्खी पालन के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। वरिष्ठ वैज्ञानिक राजेश चौकसे ने किसानों को बताया कि हमारे क्षेत्र का माहौल मधुमक्खी पालन के अनुकूल है। प्राकृतिक रूप से यहाँ साल भर मधुमक्खियों के लिए आहार का प्रबंध है। सहायक संचालक अनुसंधान डॉ. के एल पैंकरा ने कहा कि मधुमक्खी पालन समेकित कृषि प्रणाली एक अभिन्न अंग है जिसे अपनाकर किसान वर्ग बिना किसी व्यय के कमाई कर सकते हैं। प्रशिक्षण प्रभारी एवं वैज्ञानिक प्रदीप लकड़ा ने मधुमक्खी पालन कब और कैसे शुरू किया जाए इस बारे में किसानों को विस्तार से बताया। मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ डॉ. सचिन जायसवाल ने मधुमक्खियों के विभिन्न प्रजाति और उनके पारिवारिक संगठन एवं विकास के बारे में जानकारी दी। मधुमक्खी पालन हेतु दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र से कुल 25 महिला पुरुष किसानों ने भाग लिया है। इस दौरान डॉ. शमशेर आलम, प्रक्षेत्र प्रबंधक डॉ. एससी पंकज सहित अन्य मौजूद थे।

## बस स्टैंड स्थित अभिनंदन ज्वेलर्स में देर रात सेंधमारी कर आभूषणों की चोरी

**बिश्रामपुर।** थाना क्षेत्र में इन दिनों लगातार हो रही चोरी की घटनाएं पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई है,हाल ही में शुक्रवार की रात को अज्ञात चोरों ने बस स्टैंड स्थित अभिनंदन ज्वेलर्स के पिछले हिस्से की दीवार में सेंधमारी कर दुकान में रखे चांदी के आभूषण और आर्टिफिशियल ज्वेलरी अपने साथ ले गए हैं,दूसरे दिवस शनिवार को जब संचालक अपनी दुकान खोलने पहुंचा तो पाया कि दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर सामान चुरा ले गए हैं,दुकान संचालक प्रार्थी ईश्वर प्रसाद सोनी पिता सहदेव प्रसाद सोनी 48 वर्ष निवासी माइनर्स कॉलोनी बिश्रामपुर की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 305(ए),331(4)के तहत अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।दुकान संचालक ने बताया कि गत 26 सितंबर को घटित चोरी की घटना में दुकान में रखा हूआ 100 ग्राम चांदी कीमती 7 हजार और आर्टिफीसीयल ज्वेलरी बाली,लटकन, कंगन,मंगलसूत्र व अन्य कुल 30 हजार के करीब सामान अपने ले गए हैं,बता दें कि अभी हाल ही में कुम्दा 7-8 खदान से बड़ी मात्रा में चोरों ने केबल काट कर पार कर दिया है,इसके अलावा मुख्य मार्ग स्थित सांवरिया फर्नीचर के तीसरे माले का ग्रिल तोड़कर दुकान में घुसकर अज्ञात बदमाश कई कीमती सामान साथ ले गए हैं,अब एनएच 43 स्थित बस स्टैंड जैसे भीड़भाड़ व चहल पहल वाले नगर के हृदयस्थल मुख्य इलाके से सेंधमारी की घटना को अंजाम देकर अज्ञात चोरों ने पुलिस के समक्ष पुनः चुनौती पेश की है।

- करीब 30 हजार कीमत के चांदी के आभूषण व आर्टिफिशियल ज्वेलरी अपने साथ ले गये अज्ञात बदमाश

## शिविर में बच्चों को पिलाया गया स्वर्णप्राशन ड्रॉप

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ के रजत जयंती एवं स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत शुक्रवार को जिला आयुर्वेद चिकित्सालय, गंगापुर में स्वर्णप्राशन ओरिएंटेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन ड्रॉप पिलाया गया।

शिविर में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.बाला जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्णप्राशन ड्रॉप 16 वर्ष तक के बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता को विकसित करता है साथ ही शारीरिक स्वास्थ्य एवं बुद्धिमता को बढ़ाता है। यह बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। रोगों के संक्रमण की रोकथाम में स्वर्णप्राशन को प्रभावकारी टीका भी माना जाता है। चिकित्सालय प्रभारी डॉ. डीके जायसवाल ने उपस्थित अभिभावकों को स्वर्णप्राशन से होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया तथा 14 अक्टूबर को आयोजित आगामी शिविर में अन्य अभिभावकों को शिविर में बच्चों के साथ उपस्थित होकर उन्हें स्वर्णप्राशन ड्रॉप पिलाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डॉ.दीपा साहू, डॉ.पवन गुप्ता, डॉ.सीमा मेहरा, डॉ.श्रेया यादव, डॉ.ज्योति गुप्ता, डॉ.तरूण साही सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

- जिला आयुर्वेद अस्पताल में 14 अक्टूबर को लगेगा आगामी शिविर

## डीएवी स्कूल में छात्र-परिषद का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में कक्षा शिक्षकों एवं विषय शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों के शैक्षणिक उपलब्धियां, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व, व्यवहार आदि विविध मापदंडों के आधार पर चयनित छात्र-परिषद के सदस्यों का 26 सितंबर को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक एवं वरिष्ठ अध्यापक एएम चौबे, पीके वैद्य,वरिष्ठ अध्यापिका अर्पणा मिश्रा एवं चित्रावती मिश्रा द्वारा छात्र परिषद के सभी सदस्यों अंशुमान विशाल को हेड ब्वॉय एवं मैथिली मिश्रा को हेड गर्ल, पीयूष अग्रवाल व मान्यता जायसवाल स्कूल कैप्टन, वैभव राजपूत एवं अनु प्रिया देव को डिसिप्लिन कैप्टन, शुभम मुदलियार एवं श्रद्धा राजवाड़े स्पोर्ट्स कैप्टन, कुशाग्र सरकार एवं अनुष्का सुनील कल्चरल




कैप्टन तथा राघवेन्द्र सिंह वाइस हेड ब्वॉय एवं विजयलक्ष्मी वाइस हेड गर्ल, जसकीरत सिंह एवं अक्षिता पाठक वाइस स्कूल कैप्टन, जतिन कुशवाहा एवं एरीना रुखसार वाइस डिसिप्लिन कैप्टन, आयुष राजवाड़े एवं न्यासा जायसवाल वाइस स्पोर्ट्स कैप्टन, ओम ठाकुर एवं आकांक्षा सिंह वाइस कल्चरल कैप्टन को शेस एवं बैज पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया तीसरी से बारहवीं तक के वर्गवार कक्षा कप्तानों को कक्षा अध्यापकअध्यापिकाओं द्वारा बैज पहनाकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया, प्राचार्य द्वारा सभी सदस्यों को अपने दायित्वों का सत्य,निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने हेतु शपथ दिलाई गई, इस अवसर पर संगीत शिक्षक नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में कक्षा चौथी के विद्यार्थियों द्वारा मां की महिमा एवं यशोगान पर आधारित गीत प्रस्तुत किया गया,प्राचार्य एचके पाठक ने छात्र-परिषद के सभी सदस्यों एवं कक्षा कप्तान को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक गतिविधियों के अलावा खेलकूद एवं सांस्कृतिक क्रिया-कलापों का आयोजन किया जाता है, जिससे बच्चो में नेतृत्व करने की क्षमता का विकास होता है, उन्होंने सभी सदस्यों को अपने कर्तव्यों को पूरी लगन, समर्पण भावना एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया,स्कूल कैप्टन मान्यता जायसवाल एवं कुशाग्र सरकार,कल्चरल कैप्टन ने अपने संक्षिप्त वक्तव्य में सभी सदस्यों को विद्यालय हित को दृष्टिगत रखते हुए पूर्ण समर्पण भावना के साथ एकजुट होकर कार्य करने और विद्यालय के नाम को गौरवान्वित करने की बात कही,कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक एलके दास ने किया।

## पुरंजय हेल्थ एंड एजुकेशन फाउंडेशन ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**अंबिकापुर।** समाज सेवा एवं जनकल्याण की दिशा में एक उल्लेखनीय पहल करते हुए पुरंजय हेल्थ एन्ड एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा 26 सितम्बर को निःशुल्क जाँच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत आरा के आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में आयोजित शिविर में 148 लोगों का निःशुल्क परीक्षण करने के साथ ही विशेषज्ञ



डॉक्टरों से परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सामान्य स्वास्थ्य जांच, सिकल सेल जांच, बीपी, शुगर, नेत्र जांच एवं कैंसर पर जागरूकता जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा शामिल हुई। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता एवं पुरंजय हेल्थ एंड एजुकेशन डेवलपमेंट फाउंडेशन के प्रयास को मानव सेवा के क्षेत्र में उठाया गया एक सराहनीय कदम बताया। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से संजय शर्मा, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. ख्वाज़ा हसमुद्दीन, डॉ. श्रीवास्तव, नेत्र सहायक विश्वजीत मातवर, इकलाख कुरैशी, सरपंच अचन राम, एमटी अफसरी खातून एवं अन्य मितानिन दीदियों मौजूद थी।













तन्मय मोटर्स
भारत माता चौक, रिंग रोड, अम्बिकापुर
मो.- 8839213489, 8839543464


TVS
खुशियों का इंतजार हुआ खत्म
GST का दरें हुई कम
ज्यादा का फायदा ही फायदा
GST दर 28% से घट के 18%हुआ
10 साल की वारंटी *
3000 Exchange Bonus*
Neck Band Free*
5000/- Down payment*
TVS
मॉडल
इतने तक का GST लाभ*
XL100 ₹4669
Zest 110 ₹6272
Jupiter ₹7358
Jupiter 125 ₹7983
NTORQ 125 ₹8896
Sport ₹5091
Radeon ₹6829
Star City+ ₹6635
Raider ₹7956
Apache RTR ₹11796
TVS Ronin ₹13572
Apache RTR ₹26328
XL100 FULL OF SURPRISES
TVS RAIDER THE WICKED RIDE
Apache RR 310
Jupiter 125 ZYADA SE BHI ZYADA
TVS Radeon
TVS NTORQ 125 PLAY SMART
*T&C APPLIED
SHRI MAHAMAYA TVS
Near Basant Talkij Ambikapur Mob.: 7000845806


इस विश्व हृदय दिवस दिल के 10 दुश्मनों पर विजय पाएं
World Heart Day 29th SEP
दशहरा हमें सिखाता है कि बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हो, सत्य और स्वास्थ्य की जीत निश्चित है।
आज के समय में दिल के दस सबसे बड़े दुश्मन
ब्लड प्रेशर
मानसिक तनाव
मोटापा
व्यायाम का अभाव
धूम्र पान
शुगर
कोलेस्ट्रॉल
खराब खान पान
आनुवंशिक कारण
शराब
गौरव हॉस्पिटल, आपके विश्वसनीय हार्ट केयर साथी के रूप में,
इन समस्याओं से लड़ने और आपके हृदय को सुरक्षित रखने के लिए हर कदम पर आपके साथ है।
इस विश्व हृदय दिवस व विजयादशमी पर आइए मिलकर संकल्प लें कि
हम अपने दिल को स्वस्थ रखेंगे और जीवन को लंबा, खुशहाल और निडर बनाएंगे।
Conceptualized By AdPRAYAS
Gaurav Hospital
ईमानदार कोशिश... हमेशा!
गौरव सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के QR कोड को स्कैन करिये एवं स्वस्थ सम्बन्धी सभी जानकारी पायें।
स्थान: होली क्रॉस स्कूल के सामने, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
62 63 13 14 90